भारत सरकार
रेल मंत्रालय

लोक सभा
21.09.2020 के
अतारांकित प्रश्न सं. 1696 का उत्तर

रेलगाड़ी सेवाएं

1696. श्री प्रदान बरुवाः

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) अरूणाचल प्रदेश सहित उत्तरी सीमाक्षेत्र के लोगों को शेष भारत में यात्रा के लिए नियमित और कई गाड़ियों का विकल्प कब तक प्राप्त होने की संभावना है; और

(ख) धीमाजी और गुवाहाटी के बीच कोविड-19 महामारी के पश्चात् सेवाएं कब तक पुनः आरंभ होने की संभावना है?

उत्तर

रेल और वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री (श्री पीयूष गोयल)

(क) और (ख): कोविड-19 वैश्विक महामारी के विस्फोट से पहले, एक राजधानी एक्सप्रेस सहित लंबी दूरी की तीन गाड़ी सेवाएं देश के शेष भाग से उत्तरी सीमा क्षेत्र से पहले ही जुड़ी हुई थीं। कोविड-19 वैश्विक महामारी को फैलने से रोकने के मद्देनज़र, भारतीय रेल ने 23.03.2020 से नियमित यात्री गाड़ी सेवाओं को बंद कर दिया था। राज्य सरकारों की चिंताओं और सुझावों को ध्यान में रखते हुए, इस समय, भारतीय रेल द्वारा केवल सीमित ठहराव वाली विशेष गाड़ियां ही चलाई जा रही हैं। धीमाजी और गुवाहाटी के बीच गाड़ी सेवाओं सहित गाड़ी सेवाओं को पुन: चलाना क्रमिक प्रक्रिया है, जिसके लिए महामारी की स्थिति और संबंधित राज्य सरकारों की सिफारिशों को ध्यान में रखा जा रहा है।

*****

Sk